भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, १६ महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.bsgindia.orgईमेल आईडी : info@bsgindia.orgदूरभाष :+91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव,
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ,
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : **60 / 2020**
दिनांक : **09 मई, 2020**

विषय :— राष्ट्रीय आभासी गायन प्रतियोगिता (गायन पर्व)।

महोदय / महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि "संकल्प" परियोजना के माध्यम से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने अपने आभासी स्काउट गाइड मेले को जारी रखा है, अब लॉकडाउन के इस महत्वपूर्ण समय में हमारे संगठन के युवाओं को डिजिटल रुप से जोड़ने हेतु एक **राष्ट्रीय आभासी गायन प्रतियोगिता (गायन पर्व)** आयोजित करने की योजना चल रही है। यह प्रतियोगिता देश के उन सभी डॉक्टरों, नर्सो, पैरा – मेडिकल स्टाफ, पुलिस कर्मियों, सफाई कर्मचारियों (पर्यावरण सहायक) तथा स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स तथा वयस्क नेताओं को एकजुटता पूर्वक कोरोना योद्धाओं के रुप में की जा रही उन की सराहनीय सेवाओं के प्रति समर्पित है।

इस राष्ट्रीय आभासी गायन प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य हमारे उन स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा वयस्क नेताओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने हेतु मंच प्रदान करना है जिन्हें गायन एवं संगीत का ज्ञान है तथा इस प्रतियोगिता के माध्यम से वो स्वयं को प्रदर्शित कर सकते हैं।

इस प्रतियोगिता में गूगल, लाइवस्ट्रीम, ऑडियो और वीडियो के माध्यम से मंच का उपयोग किया जा सकता है।

इस प्रतियोगिता हेतु संगठन के **14 से 35 वर्ष की आयुवर्ग** के सभी सदस्यों जैसे कि स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा वयस्क नेताओं हेतु पंजीकरण खुले हुए है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपने आपको **15 मई, 2020 तक** http://bsg.scoutevent.in लिंक पर पंजीकृत कर सकते है। चूँकि हमारे सभी हित धारक देश व्यापी लॉकडाउन में है, इसलिए पंजीकरण एक खुला निमंत्रण है और इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला या राज्य प्राधिकरण से किसी भी पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह व्यक्तिगत प्रतिभा उजागर करने और राज्य संघ का प्रतिनिधित्व करने हेतु उत्तम मंच होगा।

उपरोक्त प्रतियोगिता से सम्बन्धित विस्तृत महत्वपूर्ण निर्देश सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है।

प्रतियोगिता 16 मई, 2020 से प्रारम्भ होगी और 31 मई, 2020 को ग्रैंड फिनाले के साथ सम्पन्न होगी। हम आशा करते हैं कि गायक श्री कैलाश खैर, ग्रैंडफिनाले में मुख्य अतिथि होंगे।

हम सभी राज्य संघों से इस ऑनलाइन प्रतियोगिता के प्रसार हेतु अनुरोध करते है ताकि अधिक से अधिक युवा #StayatHome की अवधि के दौरान इस प्रतियोगिता का लाभ उठा सकें और इस ऑनलाइन मंच पर स्वयं को उजागर कर सकें। पंजीकरण की अन्तिम तिथि **15 मई, 2020** है।

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि प्रस्तुतः– माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेलभवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीदजीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउस एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।